**Regarding need to expand railway services to Vaishali Parliamentary Constituency**

श्रीमती वीणा देवी **(**वैशाली**) :** माननीय सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र में स्वीकृत नई रेल लाईन साहेबगंज के रास्ते मोतीपुर राजा पट्टी है, जो 58 किलोमीटर की है । उस पर अभी तक लाईन बिछाने का काम शुरू नहीं हुआ है । यह नई रेलवे लाईन मेरे क्षेत्र की लाइफलाइन है । इसके बन जाने और रेल चालू हो जाने से क्षेत्र का काफी विकास होगा, रोजगार के अवसर खुलेंगे और हमारे यहां के बेरोजगार लोगों का बड़े शहरों में पलायन रुकेगा ।

महोदया, मैं सदन के माध्यम से रेल मंत्री जी से कहना चाहती हूं कि क्षेत्र की जनता काफी आंदोलित है, इसलिए इस नई रेलवे लाईन का काम शीघ्र शुरू कराया जाए । धन्यवाद ।